प्रश्न 04 'क्त्वा' और 'तुमुन्' प्रत्यय से दो–दो शब्द बनाइए – 02 अंक 04 मिनट

प्रश्न 05 निम्नलिखित वाक्यों का वाच्य पहचान कर लिखिये – 02 अंक 04 मिनट

(क) मया सूर्यः दृश्यते ।

(ख) बालकेन क्रीड़्यते।

प्रश्न 06 निर्देशानुसार उचित धातुरूपों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – 03 अंक 10 मिनट

	निर्देश	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
(1)	'वृत्' लङ्.गलकार (उत्तम पुरुष)	....	वर्तावहे	....
(2)	'लिख्' लट्लकार (मध्यम पुरुष)	अलिखः	....	....
(3)	'कथ्' लोट्लकार (प्रथम पुरुष)	....	....	कथयन्तु

प्रश्न 07 निम्नलिखित पदों का समासिक पद बनाकर नाम लिखिए – 03 अंक 10 मिनट

(क) पीतं दुग्धं येन सः

(ख) मुखमेव कमलम्

(ग) जलस्य अभावः

प्रश्न 08 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन वाक्यों का संस्कृत अनुवाद कीजिए – 03 अंक 10 मिनट

(क) मैं चिकित्सक हूँ।

(ख) बालक खेलते हैं।

(ग) विद्या ज्ञान के लिए होती है।

(घ) आपका नाम क्या है?

प्रश्न 09 निम्नलिखित श्लोक का हिन्दी में अनुवाद कीजिए – 03 अंक 10 मिनट

विद्या विवादाय धनं मदाय, शक्तिः परेषां परिपीडनाय।

खलस्य साधोर्विपरीतमेतद्, ज्ञानाय, दानाय च रक्षणाय।।

प्रश्न 10 निम्नलिखित श्लोक के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 03 अंक 10 मिनट

नास्ति विद्यासमं चक्षुः, नास्ति सत्यसमं तपः।

नास्ति रागसमं दुःखं, नास्ति त्यागसमं सुखम्।।

प्रश्ना :

(क) विद्यासमं चक्षुः नारित। इसका हिन्दी भाषा में अर्थ लिखिए?

(ख) केन समं तपः नारित? हिन्दी भाषा में उत्तर लिखिए।

(ग) 'नारित' शब्द का सन्धि विच्छेद कर नाम लिखिए?

प्रश्न 11 निम्नलिखित गद्यांश के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए –03 अंक10मिनट

स्वामी आत्मानंदः अतीव प्रतिभा–शाली वक्ता लेखकश्चापि आसीत्। आध्यात्म–सम्बन्धीनां अन्य–विषयाणां च प्रवचनैः सः देशे ख्यातिं लब्धवान्। तस्य द्विखण्डात्मकं 'गीता–तत्वचिन्तनम्' इति ग्रंथः अतीव सुमनोहरः अस्ति। धर्म–दर्शन क्षेत्रे अस्य महाभागस्य कृतयः पाठकेषु वैज्ञानिक दृष्टयभिवृद्धिं कुर्वन्ति।

प्रश्नाः

(1) प्रतिभाशाली वक्ता कः आसीत्?

(2) आत्मानंदः देशे किं लब्धवान्?

(3) 'गीता–तत्वचिन्तनं ग्रंथः कीदृशः अस्ति?

प्रश्न – 12 निम्नलिखित गद्यांश का हिन्दी भाषा मे अनुवाद कीजिए – 03 अंक 10 मिनट

अस्ति लोष्ठश्रृगालयोः मध्ये मित्रता। एकदा श्रृगालः लोष्ठम् अवदत्–मित्र–चलतु तडागात् स्नात्वा आगच्छावः लोष्ठम्वदत् मित्र! अहं जलात् बिभेमि। अहं स्नानं न करिष्यामि। यद्यहं स्नामि तर्हि ज्वेरण पीड़ितो भविष्यामि।

प्रश्न – 13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए – 04 अंक 14 मिनट

(क) विभवः कं प्रपातं द्रष्टुम इच्छति?

(ख) कयोः मध्ये मित्रता अभवत्?

(ग) धनीरामस्य पुत्रस्य नाम किम्?

(घ) मड.गलयानं कुतः विमुक्तम्?

(ड.) संसारे कानि–कानि चक्रवत् परिवर्तन्ते?

(च) उलूखले केन अन्नं कुट्टयते?

प्रश्न – 14 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा में दीजिए –
04 अंक 14 मिनट

(क) रणधीराय किं रोचते?

(ख) साधोः शक्तिः किमर्थ भवति?

(ग) बिलासायाः विवाहः केन सह जातः?

(घ) की दृशः परिवारः एव वरम्?

(ङ.) किं पर्वं आसन्नं वर्तते?

प्रश्न 15 अपनी पाठ्यपुस्तक से कोई चार सूक्तियाँ संस्कृत में लिखिए जो इस प्रश्नपत्र में न आए हों। 04 अंक 05 मिनट

प्रश्न 16 अपनी पाठ्यपुस्तक से कंठस्थ कोई दो श्लोक लिखिए जो इस प्रश्नपत्र में न आए हों। 04 अंक 10 मिनट

प्रश्न – 17 (अ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर संस्कृत भाषा में लिखिए – 04 अंक 10 मिनट

भारते षट्ऋतवः सन्ति। तेषु बसन्तः ऋतुराजः कथ्यते। चैत्रे बैखाखे च मासे बसन्तः भवति। वसन्ते दौ प्रमुखौ उत्सवौ भवतः – वसन्तोत्सवः होलिकोत्सवः च। वसन्तोत्सवे सर्वत्र प्रमोदो भवति। नराः नार्यश्च सर्वत्र गायन्ति नृत्यन्ति च। होलिकात्सवः फाल्गुनमासस्य पूर्णिमायां भवति। हर्षातिरेकेण नराः, नार्यः, युवानः, वृद्धाः बालकाश्च प्रसन्ना भवन्ति। जनाः परस्परं रक्तवर्णं रक्तचूर्णञ्च प्रक्षिपन्ति। द्वेषं विस्मृत्य सर्वे परस्परं मिलन्ति।

प्रश्ना :

(1) उपर्युक्त गद्यांशस्य शीर्षकं लिखतु?

(2) ऋतुराजः कः कथ्यते?

(3) कदा द्वेषं विस्मृत्य सर्वे परस्परं मिलन्ति?

(4) होलिकोत्सवः कस्यां तिथौ मन्यते?

(5) 'स्त्रियः' इति पदस्य कः पर्याय अत्र प्रयुक्तः?

प्रश्न 17 (ब) पाँच दिनों के लिए अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र कोष्ठक में दिए हुए पदों की सहायता से लिखिए – 04 अंक 10 मिनट

(अहं, ज्वरकृततापेन, प्राचार्य, शिरोवेदना, असमर्थो, अद्य, शिष्यः, स्वीकृत्य)

सेवायाम्

श्रीमान् ....I........ महोदयः

शास0 उच्च0 माध्य0 विद्यालयः

बिलासपुरम्, छत्तीसगढ़म्

विषय :– पञ्च दिनानां कृते अवकाशाय प्रार्थना पत्रम्।

महोदय,

सविनयं निवेद्यते यत् ....II........ अतिदिवसात् ज्वरग्रस्तो अस्मि, बलवती ....III........ च मां व्यथयति। ....IV........ कार्श्यम् उपगतो अस्मि। अतो ....V........ विद्यालयम् आगन्तुम् ....VI........ अस्मि।

अतः कृपया 07.07.2017 दिनांकपर्यन्तं 11.07.2017 दिनांकपर्यन्त पञ्च दिनानाम् अवकाशं ....VII........ माम् अनुग्रहीष्यति।

दिनांकः 06.07.2017

भवतः आज्ञाकारी ....VIII........
नम – अ, ब, स
कक्षा – दशम्
शा0 उ0 मा0 विद्यालय बिलासपुरम्
छत्तीसगढ़म्

प्रश्न 17 स्थानान्तरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्राचार्य महोदय को प्रार्थना पत्र कोष्ठक में दिए हुए पदों की सहायता से लिखिए –

(एकः शिक्षकः, यत्, महोदयः, स्थानान्तरणं, इच्छामि मह्यं, गत्वा, कृपां)

सेवायाम्

श्रीमान् प्राचार्य ....I........
शास0 उच्च0 माध्य0 विद्यालयः
रायगढ़म्, छत्तीसगढ़म्

विषय :– स्थानान्तरण – प्रमाण पत्राय आवेदनपत्रम्।

महानुभावः

सविनयं निवेदनम् अस्ति ....II........ मम पिता छत्तीसगढ़स्य सर्वकारे ....III........ अस्ति, तस्य ....IV........ रायगढ़नगरात् खैरागढ़नगरम् अभवत्। तस्मात् अहमपि खैरागढ़नगरं ....V........ अध्ययनं कर्तुम् ....VI........

अतः अहं भवन्तं निवेदयामि यत् ....VII........ स्थानान्तरणं प्रमाणपत्रं प्रदाय ....VIII........ करोतु।

दिनांकः 07.07.2017

प्रार्थी
नाम – अ, ब, स
कक्षा – दशम्
शा0 उ0 मा0 वि0 विद्यालय, रायगढ़म्
छत्तीसगढ़म्।

प्रश्न 18 निम्न में से किसी एक विषय पर संस्कृत में निबंध लिखिए (12 वाक्यों में)–
06 अंक 20 मिनट

(क) सदाचारः
(ख) महाकविः कालिदासः
(ग) मम प्रदेशः
(घ) बीटा

नोट :– प्रश्नों को हल करने में लगने वाला समय अनुमानित है।

प्रादर्श प्रश्न पत्र –I

कक्षा – दसवीं, विषय– गणित

समय – 03 घण्टे | **विषय कोड – 100** | **पूर्णांक – 75**

निर्देश :–

(i) सभी प्रश्नों को हल कीजिए

(ii) कैल्कुलेटर के प्रयोग की अनुमति नहीं हैं

(iii) प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड है खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न खण्ड (ब) में, रिक्त स्थानों की पूर्ति करना हैं खण्ड (स) में (सत्य/असत्य) के प्रश्न दिये गये है। प्रत्येक प्रश्न में 1 अंक आबंटित है।

(iv) प्रश्न क्र. (02) से (06) तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर (3) अंक आंबटित है।

(v) प्रश्न क्र. (7) से (10) तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर (3) अंक आंबटित है।

(vi) प्रश्न क्र. (11) से (14) तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर (4) अंक आंबटित है।

(vii) प्रश्न क्र. (15) से (16) तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर (5) अंक आंबटित है।

(viii) प्रश्न क्र. (17) से (18) तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर (6) अंक आंबटित है।

(xi) प्रश्न क्र. (11) से (18) तक आंतरिक विकल्प के प्रश्न दिये गये है।

प्रश्न पत्र –I

कक्षा – दसवीं, विषय– गणित

समय – 03 घण्टे **विषय कोड – 100** **पूर्णांक – 75**

प्रश्न :– (1) (A) सही विकल्प चुनकर लिखिए– 1x5

1. बहुपदों 5x-9 और 2x+5 का योग है–

   (a) 6x-4 (b) 2x-9 (c) 5x+9 (d) 7x-4

2. निर्देशांक (5,-3) में भुजा का मान है–

   (a) 5 (b) -3 (c) -5 (d) 3

3. यदि सावधि जमा खाता में ब्याज की गणना छःमाही आधार पर की जाती है तो दर प्रतिशत होगा–

   (a) आधा (b) एक (c) एक चौथाई (d) तीन चौथाई

4. $\sin^2 45^\circ + \cos^2 45^\circ$ का मान है–

   (a) -1 (b) 1 (c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{-1}{2}$

5. यदि दो समरूप त्रिभुजों का क्षेत्रफल का अनुपात 16:9 है, तो उनके संगत भुजाओं का अनुपात है–

   (a) $\frac{-4}{3}$ (b) $\frac{-3}{4}$ (c) $\frac{4}{3}$ (d) $\frac{3}{4}$

(B) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:– 1×5

1. यदि $\frac{a1}{a2} \neq \frac{b1}{b2}$ है तो ....हल प्राप्त होगा।
2. बिंदु (–2, –3) ....चतुर्थांश में स्थित है।
3. एक ही अवधा पर बने कोण .... होते है।
4. अर्धगोले का आयतन .... होता है।
5. $\sqrt{2}\cos\theta = 1$ हो, तो θ का मान................ होगा।

(C) सत्य/असत्य लिखिए:– 1×5

1. यदि वर्ग समीकरण के मूल बराबर है तो विविक्तकर का मान काल्पनिक होगा।
2. मूल बिन्दु के निर्देशांक (0,0) होता है।
3. प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा की गई राशि पर 50 प्रतिशत छूट मिलती है।
4. सभी सर्वागसम बहुभुज समरूप भी होते है।
5. सभी अभाज्य संख्याए विषम होती है।

प्रश्न :– **(2)** बहुपद के शून्यक (–3, 4) हो, तो बहुपद के गुणनात्मक लिखिए। 02 अंक

प्रश्न :– **(3)** समांतर श्रेणी 3, 5, 7 ....का 15वॉं पद ज्ञात कीजिए। 02 अंक

प्रश्न :– **(4)** मूल बिन्दु से (3,4) की बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। 02 अंक

प्रश्न :– **(5)** $\frac{\cos 80^\circ}{\sin 10^\circ}$ का मान ज्ञात कीजिए। 02 अंक

प्रश्न :– **(6)** आंकड़े 25, 21, 23, 18, 20, 22, 24 की माध्यिका ज्ञात कीजिए। (02 अंक)

प्रश्न :– **(7)** दो चर वाले सरल रेखाओं के समानांतर, प्रतिच्छेदी, व संपाती होने के प्रतिबंध लिखिए। (03 अंक)

प्रश्न :– **(8)** वर्ग समीकरण $2x^2 - 7x + 3 = 0$ को सूत्र विधि से हल कीजिए। (03 अंक)

प्रश्न :– **(9)** सिद्ध कीजिए कि विषम संख्या का वर्ग विषम संख्या होती है। (03 अंक)

प्रश्न :– **(10)** एक हॉस्टल में प्रत्येक छात्र को प्रतिदिन 7 सेमी व्यास वाले बेलनाकार पात्र में शरबत दिया जाता है। यदि बेलनाकार पात्र में शरबत 4 सेमी की ऊँचाई तक भरा जाता है, तो हॉस्टल में प्रतिदिन 50 छात्रों के लिये कितनी मात्रा में शरबत बनाया जाता है। (03 अंक)

प्रश्न :– **(11)** एक शहर में किसी पूरे दिन वायु के प्रदूषण का स्तर नापा गया। इसे ग्राफ द्वारा प्रदर्शित किया गया है– (04 अंक)

दिये गये ग्राफ द्वारा निम्नलिखित सवालों के जवाब लिखिए–



समय

1. सुबह 8 बजे प्रदूषण का स्तर कितना पाया गया?
2. प्रदूषण स्तर सबसे अधिक किस समय दर्ज किया गया?
3. दोपहर बाद 4 बजे प्रदूषण का स्तर कितना था।
4. दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक प्रदूषण में कितना अंतर पाया गया?

/ /अथवा / /

एक व्यक्ति ने अपनी गाडी में 5 लीटर पेट्रोल भरवाया। पांच दिनों में बचे हुए पेट्रोल की मात्रा व दिनों को निम्नांकित सारणी में दर्शाया गया है–

दिन	1	2	3	4	5
बचे हुए पेट्रोल की मात्रा (लीटर में)	4	3	2	1	0

बचे, हुए पेट्रोल की मात्रा व दिनों के मध्य आरेख खीचिए।

प्रश्न :– (12) एक लड़की जिसकी ऊँचाई 90 सेमी. है, एक लैम्पपोस्ट जिस पर 3.6 मीटर ऊँचाई का बल्ब लगा है, से 1.2 मी. प्रति सेकंड की चाल से दूर जा रही है। 4 सेकेंड बाद उस लडकी की परछाई की लंबाई ज्ञात कीजिए। (04 अंक)

/ /अथवा/ /

शाहिद एक खंभे की लंबाई का अनुमान लगाते समय इस प्रकार खड़ा होता है कि इसके सिर H की छाया व खंभे के शिखर Q की छाया एक ही बिंदु D पर पड़ती है। यदि DE=1.6 मीटर और DF=4.4 मीटर हो तो खंभे की लंबाई क्या होगी? जबकि शाहिद की लंबाई 1.2 मीटर है।

प्रश्न :– (13) मिट्टी का एक शंकु जिसकी ऊँचाई 24 सेमी और आधार की त्रिज्या 6 सेमी है, जो एक बच्चा गोले में परिवर्तित कर देता है। गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

(04 अंक)

/ /अथवा/ /

एक ठोस गोले की त्रिज्या 12 से.मी. है। इस गोले को गलाकर 6 से.मी. त्रिज्या के कितने गोले बनाये जा सकते हैं।

प्रश्न :– (14) 6 संख्याओं का माध्यम 20 है। यदि एक संख्या समाप्त कर दी जाये तो उनका माध्य 15 हो जाता है, समाप्त की गई संख्या को ज्ञात करें। (04 अंक)

/ /अथवा/ /

नीचे दिये गये प्रेक्षणों का औसत 36 है। अज्ञात प्रेक्षण x ज्ञात कीजिए।

25, 39, 35, x, 46

प्रश्न :– (15) मोहन ने कृषि विकास बैंक में 50,000 रू 01 वर्ष के लिये सावधि जमा खाते में जमा किये। यदि व्याज की दर 10 प्रतिशत वार्षिक हो तथा ब्याज प्रति छःमाही बाद संयोजित किया जाता है तो परिपक्वता पर बैंक उसे कितनी राशि देगा?

(05 अंक)

/ /अथवा/ /

वित्तीय वर्ष 2012–13 में राजेश की कुल वार्षिक आय 5,25,000रू है वह सामान्य भविष्य निधि में 8,000रू प्रतिमाह जमा करता है, तथा 8,000रू अपने भारतीय जीवन बीमा का वार्षिक प्रीमियम देता है। यदि वह 2 लाख रू तक कोई आयकर नही देता है तथा 2 लाख रू से अधिक आय पर 10 प्रतिशत की दर से आय कर देय हो एवं आयकर में छूट सभी बचत पत्रों का 100 प्रतिशत (अधिकतम सीमा 1 लाख रू) हो तो राजेश के द्वारा देय आयकर की गणना कीजिए जहाँ शिक्षा उपकर देय आयकर का 3 प्रतिशत है।

प्रश्न :– (16) शुभम अपनी शाला के वृत्ताकार मैदान के केन्द्र पर झण्डा फहराना चाहता है। मैदान में किस जगह झण्डे के लिये खंभा गड़ाया जाए, यह पता लगाने के लिये उसे शिल्पी और प्रतीक की सहायता लेनी पडी। सोचिए तीनों ने मिलकर खंभे के लिये जगह कैसे ढूंढी होगी? (05 अंक)

/ /अथवा/ /

एक 5 से.मी. समबाहु त्रिभुज पर परिवृत्त की रचना कीजिए। रचना के पद भी लिखिए।

प्रश्न :– (17) दो नल A और B एक टंकी को क्रमशः 30 मिनट और 40 मिनट में भर सकते हैं। तीसरा नल C उस टंकी को 60 मिनट में खाली कर सकता है। यदि तीनों नल एक साथ खोल दिये जाये तो टंकी को भरने में कितना समय लगेगा।

(06 अंक)

/ /अथवा/ /

त्रिकोणमितीय समीकरण को हल कीजिए

जहाँ $0^\circ \leq \theta \leq 90^\circ$

$$\frac{cos\theta}{cosec\theta+1} + \frac{cos\theta}{cosecs\theta-1} = 2$$

प्रश्न :– (18) एक लडका 30 मी. ऊंचे एक भवन से कुछ दूरी पर खडा है। जब वह ऊंचे भवन की ओर जाता है तब उसकी आंख से भवन के शिखर का उन्नयन कोण 30° से 60° हो जाता है। बताइए कि वह भवन की ओर कितना चला है?

/ /अथवा/ /

एक आयताकार खेत का परिमाप 82 मीटर है तथा उसका क्षेत्रफल 400 वर्ग मी. है। खेत की चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

............................00............................

प्रादर्श प्रश्नपत्र–II

कक्षा – दसवीं विषय गणित

समय – 03 घण्टे **विषय कोड – 100** **पूर्णांक – 75**

प्रश्न – 01. (A) सही विकल्प चुनकर लिखिए।

1. बहुपद $x^2 + 3x - 2$ और $-x^2 - 3x = -2$ का योगफल है।

   (A) $x^4 + 9x^2 - 4$ (B) $2x^2 + 6x + 4$ (C) 0 (D) $x^4 + 9x^2 + 4$

2. समीकरण निकाय $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ एवं $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ के अद्वितीय हल होंगे –

   (A) $\frac{a1}{a2} = \frac{b1}{b2} \neq \frac{c1}{c2}$ (B) $\frac{a1}{a2} \neq \frac{b1}{b2}$ (C) $\frac{a1}{a2} = \frac{b1}{b2} = \frac{c1}{c2}$ (D) इनमें से कोई नहीं

3. बिन्दु (–3,4) किस चतुर्थांश में स्थित है।

   (A) प्रथम चतुर्थांश (B) द्वितीय चतुर्थांश (C) तृतीय चतुर्थांश (D) चतुर्थ चतुर्थांश

4. यदि बेलन की त्रिज्या r व उंचाई h हो तो बेलन का आयतन होगा।

   (A) $\frac{1}{3}\pi r^2 h$ (B) $2\pi r^2 h$ (C) $\pi r^2 h$ (D) $\pi r h^2$

5. चक्रवृद्धि ब्याज की गणना पर यदि ब्याज की दर तिमाही संयोजित हो तो 3 वर्ष में समय होगा–

   (A) 9 (B) 6 (C) 12 (D) 3

(B) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

1. वर्ग समीकरण $x^2 + 6x - 6 = 0$ के मूलों का गुणनफल .... होगा।
2. मूल बिन्दु का निर्देशांक ....होता है।
3. $\sin^2 40° + \cos^2\theta = 1$ हो तो θ का मान ....अंश होगा।
4. विषम संख्या का वर्ग ....संख्या होती है।
5. देय आयकर 4000रू0 पर शिक्षा उपकर की 3% राशि .... रू0 होगी।

(C) सत्य/असत्य लिखिए –

1. समान्तर श्रेणी के पदों में सार्वअंतर समान होता है।
2. $1 + cos^2\theta = sec^2\theta$
3. वृत्त की सबसे बड़ी जीवा त्रिज्या होती है।
4. वृत्त से केन्द्र पर डाला गया लंब जीवा को समद्विभाजित करता है।
5. सभी समरूप बहुभुज सदैव सर्वांगसम होते है।

प्रश्न—02. बहुपद $2x^3 + x^2 - 5x + 2$ को $(x+2)$ से भाग देने पर शेषफल ज्ञात कीजिए। 02 अंक

प्रश्न—03. दो संख्याओं का योग 5 है तथा उनका अंतर 2 है। इसे कथन समीकरण के रूप में लिखिए। 02 अंक

प्रश्न—04 . मूलबिन्दु से होकर जाने वाली उस सरल रेखा की प्रवणता ज्ञात कीजिए जो बिन्दु (2,3) से होकर जाती है। 02 अंक

प्रश्न—05. $\frac{sin32^\circ}{2cos58^\circ}$ का मान ज्ञात कीजिए। 02 अंक

प्रश्न—06. आंकड़े 5,7,9,11,13,15,17,19 का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए। 02 अंक

प्रश्न—07. वर्ग समीकरण $9x^2 - 3x - 2 = 0$ को पूर्ण वर्ग विधि से हल कीजिए।

प्रश्न—08. समान्तर श्रेणी 9,5,1—3 .... का 10वॉं पद ज्ञात कीजिए। 03 अंक

प्रश्न—09. सिद्ध कीजिए कि $\sqrt{2}$ एक अपरिमेय संख्या है। 03 अंक

प्रश्न—10. 14 सेमी. व्यास वाले अर्धगोले का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। 03 अंक

प्रश्न—11. किसी शहर में एक दिन में दर्ज तापमान के आंकड़े ग्राफ द्वारा दर्शाये गये है।



दिये गये ग्राफ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए — 04 अंक

1. सुबह 6 बजे शहर का तापमान कितना था।
2. दोपहर बाद 3 बजे का तापमान कितना था।
3. किस समय दिन का तापमान 30°C था।
4. आधी रात 12 बजे तापमान कितना था।

/ /अथवा/ / 04 अंक

मूलधन 300 रू0 पर 5% वार्षिक दर से 1,2,3,4 व 5 वर्ष के लिए साधारण ब्याज निम्न सारिणी में प्रदर्शित है –

समय (वर्ष में)	0	1	2	3	4	5
साधारण ब्याज (रूपये में)	0	15	30	45	60	75

समय और साधारण ब्याज के बीच ग्राफ खींचिए।

प्रष्न –12. यदि दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफल बराबर हो तो सिद्ध कीजिए कि वे त्रिभुज सर्वांगसम होते है। 04 अंक

//अथवा//

सिद्ध कीजिए कि तीन असरेख बिन्दुओं से होकर एक और केवल एक ही वृत्त खींचा जा सकता है।

प्रष्न –13. यदि एक जोकर की शंक्वाकार टोपी के आधार की त्रिज्या 7 सेमी0 और ऊंचाई 24 सेमी0 है तो ऐसी 10 टोपी बनाने के लिए लगने वाले शीट का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। 04 अंक

//अथवा//

एक 35 सेमी0 ऊंचाई वाले जार में 11 लीटर जूस आता है। जार का व्यास ज्ञात कीजिए (1 लीटर = 1000 घन से0मी0)

प्रश्न –14. एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में बहुत से गेंदबाजों द्वारा लिये गये कुल विकेटों की संख्या के आंकड़े तालिका में दिये गये हैं इनका बहुलक ज्ञात कीजिए। 04 अंक

विकेटो की संख्या	0–50	50–100	100–150	150–200	200–250	250–300
गेंदबाजों की संख्या	4	5	16	12	3	2

//अथवा//

किसी स्कूल में दसवीं कक्षा की लड़कियों की उँचाई इस प्रकार दी गई है :–

ऊंचाई (से0मी0)	135–140	140–145	145–150	150–155	155–160
लड़कियों की संख्या	1	2	11	9	7

इन आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

प्रश्न –15. रमेश सावधि जमा खाता में 4% वार्षिक ब्याज की दर से 1½ वर्ष के लिए 200000 रू0 निवेश करता है। उसे परिवक्वता के समय कितनी धनराशि प्राप्त होगी यदि ब्याज की दर अर्धवार्षिक संयोजित होती है। 05 अंक

//अथवा//

वित्तीय वर्ष 2008–2009 में राजेश की कुल वार्षिक आय 3,00,000 रू0 थी। वह सामान्य भविष्य निधि खातें में 1,000 रू0 प्रतिमाह जमा करता था तथा उसने 12,000 रू0 वार्षिक जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम दिया था। यदि 1,50,000 रू0 तक कोई

आयकर नहीं है तथा 1,50,000 रू0 से अधिक आय पर 10% की दर से आयकर देय हो एवं सभी बचत पर छूट की अधिकतम सीमा 1,00,000 रू0 हो तो उसके द्वारा देय आयकर की गणना कीजिए, जहाँ शिक्षा उपकर देय आयकर का 3% है।

प्रश्न –16. एक समकोण त्रिभुज का परिगत वृत्त खींचिए जिसकी समकोण बताने वाली भुजाएँ 3 सेमी. व 4 सेमी. हैं रचना के पद भी लिखिए। 05 अंक

/ /अथवा/ /

एक समकोण त्रिभुज जिसकी समकोण बनाने वाली भुजा 6 व 8 समी0 है, पर अंतःवृत्त की रचना कीजिए। रचना के पद भी लिखिए।

प्रश्न –17. तीन व्यक्ति A, B, C किसी काम को क्रमषः 12 दिन, 15 दिन तथा 10 दिन में समाप्त करते है। यदि उसी काम को तीनों मिलकर पूरा करें तो काम पूरा करने में कितने दिन लगेंगे। 06 अंक

/ /अथवा/ /

11 मकड़ियां 11 दिन में 11 जाले बनाती है तो बताइये कि 1 मकड़ी 1 जाल बनाने में कितने दिन लगाऐगी।

प्रश्न – 18. एक मीनार के आधार से सरल रेखा में a और b दूरी पर स्थित दो बिन्दुओं से मीनार के शिखर के उन्नयन कोण पूरक कोण हो तो सिद्ध कीजिए की मीनार की ऊँचाई $\sqrt{ab}$ होगी। 06 अंक

/ /अथवा/ /

तेज हवा से टूटे पेड़ का सिरा झूक कर पेड़ के पाद से 6 मीटर की दूरी पर जमीन को छूता है। यह हिस्सा जमीन से 60 का कोण बनाता है। पूरे पेड़ की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

प्रादर्श प्रश्न पत्र –I

कक्षा – दसवीं, विषय– विज्ञान

समय – 03 घण्टे **विषय कोड – 200** **पूर्णांक – 75**

सामान्य निर्देश– सभी प्रश्न अनिवार्य है।

निर्देश– प्रश्न क्रमांक1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें खण्ड (अ), खण्ड (ब) एवं खण्ड (स) शामिल है प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न है तथा हर प्रश्न 1 अंक आबंटित है–

प्रश्न – 01. (A) खण्ड (अ) सही विकल्प चुनिए एवं उत्तर लिखिए –

1. उदासीन विलयन का pH मान होता है –

   (अ) 7 (ब) 6 (स) 5 (द) 0

2. आधुनिक आवर्त सारणी के किसी समूह में ऊपर से नीचे जाने पर परमाणु का आकार –

   (अ) घटता है (ब) बढ़ता है (स) पहले बढ़ता है फिर घटता है (द) न बढ़ता है न घटता है

3. केबल तार की कोटिंग में प्रयुक्त बहुलक का नाम है –

   (अ) PVC (ब) पालीएथीन (स) नायलोन (द) पालिएस्टर

4. सौर सेल एक ऐसी युक्ति है जो परिवर्तित करती है –

   (अ) विधुत ऊर्जा को गतिज ऊर्जा में (ब) सौर ऊर्जा को स्थितिज ऊर्जा में

   (स) सौर ऊर्जा को विधुत ऊर्जा में (द) सौर ऊर्जा को नाभिकीय ऊर्जा में

5. किसी दर्पण के सम्मुख रखी वस्तु का प्रतिबिम्ब अगर आभासी व उतनी ही दूरी पर बने जितनी दूरी पर वस्तु रखी हो तो दर्पण का प्रकार होगा –

   (अ) अवतल (ब) उत्तल (स) उभयोतल (द) समतल

(B) खण्ड (ब) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–

1. विधुत प्रतिरोधकता किसी वस्तु की चालकता के ....होती है।
2. एक सामान्य पिरामिड में ....समतल पृष्ठ हाते है।
3. किसी धान के खेत में प्रमुख.........धान के पौधे ही होते है।
4. गैलीलियों ने सन् 1593 में पहला........................बनाया था।
5. सभी समतल पृष्ठ पर लम्बवत् रेखा......................कहलाती है।

(C) खण्ड (स) एक शब्द में उत्तर लिखिए–

1. स्टेनलेस स्टील में कोमियम की प्रतिशत मात्रा कितनी होती है
2. कॉसा मिश्र धातु कॉपर एवं टिन धातु से बना है जिसमें कॉपर की प्रतिशत मात्रा होती है।
3. पृथ्वी पर उपस्थित डायनासोर युग का एक जीवित जीवाश्म पादप है।
4. स्त्रीकेशर के शीर्ष भाग को क्या कहते है?
5. लम्बी श्रृंखला वाले उच्चवसीय अम्लों की सोडियम/पोटेशियम लवण से होने वाली क्रिया कहलाती है।

प्रश्न – 02. सरिता को मधुमक्खी के काटने पर उनकी मॉ ने त्वचा में जलन को रोकने के लिए उस स्थान पर थोडा सा धॉवन सोडा लगा दिया तो जलन बन्द हो गई। क्यों?

2 अंक

प्रश्न – 03. औद्योगिक कारखानों में सीमेंट के निर्माण करते समय उसमें थोडी मात्रा में जिप्सम मिलाया जाता है क्यो? 2 अंक

प्रश्न – 04. वर्तमान में बल्ब, एवं CFL की तुलना में LED के प्रयोग पर जोर दिया जा रहा है ऐसा क्यों? 2 अंक

प्रश्न – 05. घास के पारिस्थितिक तंत्र के प्रथम पोषक स्तर (उत्पादक) को हटा दिया जाये तो तंत्र पर क्या प्रभाव पडेगा? इसका कारण लिखिए। 02 अंक

प्रश्न – 06. रजिया के पिता जी को डॉक्टर ने कहा कि इनकी दोनो वृक्क (किडनी) ने काम करना बंद कर दिया है अतः इन्हें डायलिसिस पर रखना पढ़ेगा ऐसा डॉक्टर ने क्यों कहा होगा? 02 अंक

प्रश्न – 07. यदि 92 U235 के नाभिक पर मन्दगामी न्युट्रान की बमबारी की जाये तो होने वाली अभिक्रिया का समीकरण लिख कर वर्णन कीजिए? 03 अंक

प्रश्न – 08. सोहन की ऊचांई 5 फीट है, वह घर के समतल दर्पण में अपना पूरा प्रतिबिंब नही देख पा रहा है। तो उसने बाजार से बड़ा दर्पण खरिदने का मन बनाया तो बताइए कि उसे कितनी उचाई का दर्पण खरीदना होगा? 03 अंक

प्रश्न – 09. यदि 8 Ω प्रतिरोध वाले किसी तार को पिघलाकर एक ऐसा तार बनाया गया जिसका क्षेत्रफल पहले से दुगुना हो तो इस नये तार का प्रतिरोध कितना होगा?

03 अंक

प्रश्न – 10. "एक ही जाति समूह में उपस्थित सभी जीवों के लक्षण समान होते है" इस समानता के कोई तीन कारण लिखिए। 03 अंक

प्रश्न – 11. सभी क्षार जल में घुलनशील नहीं है, पर कुछ क्षार घुलनशील होते है, उन्हें क्या कहते है? कोई दो, उदाहरण भी लिखिए। 04 अंक

/ /अथवा/ /

"वायु में उपस्थित हानिकारक गैस वर्षा जल में घुलकर ताजमहल जैसी ईमारतों को भी हानि पहुचा रही है।" इसके दो कारण लिखिए

प्रश्न – 12. मैग्नीशियम (Mg) के बाइकार्बोनेट (HCO_3) लवणों के कारण जल में कौन सी कठोरता होती है? इसे किस प्रकार दूर किया जा सकता है? रसायनिक समीकरण लिखकर स्पष्ट करें। 4 अंक

/ /अथवा/ /

प्लास्टर ऑफ पेरिस की तुलना में आजकल मिट्टी से बनी मूर्तियों को बनाने के लिए अधिक प्रोत्साहित किया जा रहा है, कारण स्पष्ट करते हुए प्लास्टर ऑफ पेरिस के कोई चार उपयोग लिखिए।

प्रश्न – 13. माता–पिता की होने वाली सन्तान के लिंग निर्धारण हेतु कौन से गुणसूत्र की भूमिका होती है रेखाचित्र बनाकर समझाइए। 4 अंक

/ /अथवा/ /

एक किसान ने अपने खेत में बैगंनी रंग के पुष्प वाले मटर के बीज बोए तो उसे बैगंनी रंग के पुष्प प्राप्त हुए। जब इनसे प्राप्त बीजों को पुनः बोया तो उन्हें सभी बैगंनी रंग के पुष्प प्राप्त नही हुए, ऐसा क्यों हुआ? रेखाचित्र बनाकर कारण स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न – 14. पादपों की वृद्धि को नियन्त्रित करने वाले 4 हार्मोन के नाम लिखकर प्रत्येक के एक एक कार्य लिखिए। 4 अक

/ /अथवा/ /

जब आप किसी गरम बर्तन को छुते है, तो आपका हाथ स्वतः ही उस बर्तन से दूर हट जाता है इस क्रिया को क्या कहते है? इस प्रक्रिया को रेखाचित्र से समझाइए।

दीर्धउत्तरीय प्रश्न --

प्रश्न – 15. उत्तल दर्पण के ध्रुव से 10 सेमी की दूरी पर एक वस्तु स्थित है यदि दर्पण की फोकस दूरी 15 सेमी हो तो प्रतिबिम्ब ध्रुव से कितनी दूरी पर बनेगा? 5 अंक

//अथवा//

दो वृत्ताकार कुण्डली A तथा B एक–दूसरे के नजदीक रखी है यदि कुण्डली A में बहने वाली विद्युत धारा में परिवर्तन करें तो कुण्डली B में विद्युत धारा पर क्या प्रभाव पडेगा? कारण सहित लिखिए।

प्रश्न – 16. ऐसा कौन सा उपकरण है, जो यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलता है, चित्र बनाकर स्पष्ट कीजिए। 5 अंक

//अथवा//

बहु प्रतिबिम्ब से आप क्या समझते है? यदि दर्पणों के बीच का कोण 90° है, तो कितने प्रतिबिम्ब बनेगे समझाइए।

प्रश्न – 17. a. वायुमण्डल में सर्वाधिक मात्रा में पायी जाने वाली गैस का नाम लिखकर उसकी प्रयोगशाला विधि का केवल नामांकित चित्र बनाइए?

b. अयस्क के सान्द्रण के उस विधि का नाम लिखकर समझाइए जिसमें झाग की सहायता से अषुद्धियों को दूर किया जाता है। (3+3) अंक

//अथवा//

a. जलने में सहायक गैस का नाम लिख कर बनाने की प्रयोगषाला विधि का केवल नामांकित चित्र बनाइए?

b. अयस्क के सान्द्रण की उस विधि का नाम लिखकर समझाइए जिसमें गुरूत्वता की सहायता से अषुद्धि को दूर किया जाता है। (3+3) अंक

प्रश्न – 18. a. ऐसे पौधें जिसमें बीज नही बनते पर उनमें नये पौधे की उत्पत्ति होती है इसकी कोई तीन विधियों को लिखिए? (3+3) अंक

b. तन्त्रिका कोषिका का नामाकित चित्र बनाकर उसके 2 कार्य लिखिए।

//अथवा//

a. ऑक्सीजन की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति में होने वाली ष्वसन प्रक्रिया को समीकरण से प्रदर्षित कीजिए।

b. मादा जनन तंत्र का चित्र बनाकर कोई चार नामांकन कीजिए।

प्रादर्श प्रश्न पत्र –II

कक्षा – दसवीं, विषय– विज्ञान

समय – 03 घण्टे **विषय कोड – 200** **पूर्णांक – 75**

सामान्य निर्देश– सभी प्रश्न अनिवार्य है।

नोट– प्रश्न क्रमांक1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें खण्ड (अ), खण्ड (ब) एवं खण्ड (स) शामिल है प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न है तथा प्रत्येक में 1 अंक आबंटित है–

प्रश्न – 01. खण्ड (अ)

सही विकल्प चुनिएः –

1. इमली का खट्टापन निम्न मे से किस अम्ल की उपस्थिति के कारण होता है–

(अ) मैलेइक अम्ल (ब) टार्टरिक अम्ल

(स) एसीटिक अम्ल (द) आक्जैलिक अम्ल

2. आधुनिक आवर्त सारणी के तीसरे आवर्त की एक धातु M आक्सीजन से क्रिया कर M_2O_3 प्रकार का ऑक्साइड बनाता है धातु M का परमाणु क्रमांक होगा–

(अ) 14 (ब) 11

(स) 13 (द) 15

3. निम्न चित्र में कौन–सा चित्र सही अपवर्तन कोण (r) को दर्शाता है–



अ ब स द

4. चित्र में दिखाये गये परिपथ का तुल्य परिपथ होगा–



(अ) 25 Ω (ब) 20 Ω (स) 10 Ω (द) 35 Ω

5. गर्भस्थ शिशु का संबंध माँ से किस माध्यम से होता है।

(अ) धमनी द्वारा (ब) शिरा द्वारा

(स) अपरा द्वारा (द) इसमें से कोई नही

खण्ड (ब)

एक शब्द में उत्तर लिखिए:–

1. खाद्य पदार्थो को खराब होने से बचाने के लिए प्रयुक्त परिरक्षक का रासायनिक नाम लिखिए। जो दैनिक जीवन में उपयोग आने वाले पदार्थो जैसे– कास्टिक सोडा, बेकिंग सोडा के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कच्चा पदार्थ है।
2. तरल पदार्थ के तापमान के साथ उतार–चढ़ाव से तापमान में बदलाव दर्शाने वाला ऊष्मामापी यंत्र कहलाता है–
3. शुद्ध दूध का pH 6 होता है। जब यह दही में परिवर्तित होता है तो कौन–सा पदार्थ बनने के कारण उसका pH मान कम हो जाता है।
4. मोहन ने चांदी एवं ताँबे के सिक्कों का संग्रह किया था। एक दिन उसने देखा कि चाँदी एवं ताँबे के सिक्कों के ऊपर क्रमशः काले एवं हरे रंग की परत जम गयी है। उपरोक्त घटना के लिए होने वाली रासायनिक अभिक्रिया का नाम लिखिए।
5. प्रथम पोषक स्तर से द्वितीय पोषक स्तर पर ऊर्जा का ह्रास होने का कारण है–

खण्ड (स)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. सूर्य में ऊर्जा की उत्पति....................के कारण होती है।
2. यदि दो समतल दर्पण के बीच का कोण 60° होता है तो बनने वाले प्रतिबिम्बों की संख्या.........होगी।
3. किसी भी पारिस्थितिक तंत्र का प्रथम पोषक तत्व.................कहलाता है।
4. यकृत और अग्नाशय, आहारनली से जुडी हुई.................ग्रंथियॉ है।
5. यदि प्रकाश की किरण को निर्वात में से गुजारा जाये तो प्रकाश की चाल........ मीटर/सेकेण्ड होगी।

प्रश्न क्र0–2 से 6 में प्रत्येक में दो अंक निर्धारित है।

प्रश्नः–02. निम्न में से उन तत्वों का चयन कीजिए जिनके अंतिम कक्ष में एक इलेक्ट्रॉन है एवं उसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास लीखिए।

4^{Be} 9^{F} 14^{Si} 19^{K} 20^{Ca} 3^{Li}

प्रश्नः–03. एल्डिहाइड एवं कीटोन समान अणुसूत्र (C_2H_60) वाले यौगिक है। इनके संरचना सूत्र एवं IUPAC नाम लिखिए। 1+1 अंक

प्रश्नः–04. शीत भंडार गृह में भोज्य पदार्थ को लम्बी अवधि तक सुरक्षित रहने के दो कारण लिखिए। 2 अंक

प्रश्नः–05. तंत्रिका कोशिका का नामांकन कीजिए– 2 अंक



A – ?
B – ?
C – ?
D – ?

प्रश्नः–06. धान के खेत की खाद्य श्रृंखला इस प्रकार है– 2 अंक

धान के पौधे → 1000 चूहे → 50 सॉप → 5 बाज

यदि इस खाद्य श्रृंखला के तीसरे पोषक स्तर (द्वितीय उपभोक्ता) को नष्ट कर दिया जाये तो खाद्य श्रृखला पर पड़ने वाले दो प्रभाव को लिखिए।

प्रश्न क्र0–7 से 10 में प्रत्येक में 3 अंक निर्धारित है।

प्रश्नः–07. (अ) तापमान से क्या तात्पर्य है ? 1+2 अंक

(ब) यदि किसी कमरे का तापमान OK है तो सेल्सियस पैमाने में उसका तापमान कितना होगा? गणना कीजिए।

प्रश्नः–08. 1+2 अंक



चित्र - 18

1. चित्र देखकर बताइए कि इसमें कौन सी घटना घटित हो रहीं है।
2. इस घटना के घटित होने के लिए आवश्यक दो शर्तें लिखिए।

प्रश्नः–09. घरों में प्रवहित होने वाली विद्युत धारा का नाम, इसकी मात्रा एवं आवृत्ति लिखिए। 1+1+1 अंक

प्रश्नः–10. जलीय जीवों की उन तीन विषेशताओं को उल्लेखित कीजिए जो उन्हें झील/तालाब आदि में अनुकूलित करते है। 3 अंक

प्रश्न क्र0–11 से 14 में प्रत्येक में 4 अंक निर्धारित है।

प्रश्नः–11. जिंक धातु की तनु HCI की क्रिया से गैस x निकलती है जिसे दर्शित चित्रानुसार एकत्रित किया जाता है। चित्र देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 4 अंक



1. उपरोक्त अभिक्रिया का संतुलित रासायनिक समीकरण।
2. गैस x का नाम।
3. गैस x के दो उपयोग

प्रश्नः–12. जब काले बैल (BB) एवं सफेद गाय (bb) के बीच संकरण कराया जाता है तो उत्पन्न होने वाली सन्ततियों को रेखाचित्र f_2 बनाकर समझाइए। 4 अंक

प्रश्नः–13. निम्न ग्रंथियों से स्त्रावित हार्मोन के नाम एवं उनके एक–एक कार्य लिखिए। 1+1+1+1 अंक

1. थायराइड
2. अग्नाशय
3. एड्रिनल
4. अण्डाशय

प्रश्नः–14. एसीटिक अम्ल एवं ऐल्कोहॉल को सांद्र सल्फ्युरिक अम्ल की उपस्थिति में गर्म करने पर भीनी गंध वाला यौगिक A बनता है तो– 2+2 अंक

1. उपरोक्त अभिक्रिया का संतुलित रसायनिक समीकरण लिखिए।
2. यौगिक A का रासायनिक नाम एवं कोई एक उपयोग लिखिए।

प्रश्न क्र0–15 से 16 में प्रत्येक में 5 अंक निर्धारित है।

प्रश्नः–15. क्या होगा जब एक वस्तु को अवतल लैंस के प्रकाशिक केन्द्र और अनंत के मध्य रखा जाय, रेखाचित्र बनाकर स्पष्ट करिए। 5 अंक

//अथवा//

ऐसा उपकरण जो यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलता है–

1. उपकरण का नाम लिखिए।
2. उपकरण का नामांकित बनाकर विभक्त वलय का उपयोग लिखिए।

प्रश्नः–16. कोई विद्युत रोधी तांबे के तार की कुडली को जो धारामापी से जुडा है। क्या होगा यदि दंड चुम्बक को – 1×5 अंक

(अ) कुण्डली में धकेला जाए

(ब) कुण्डली के भीतर स्थित रखा जाये।

(स) कुण्डली के भीतर से बाहर खीचा जाए।

(द) 'अ' एवं 'स' क्रिया कलाप में उत्पन्न धारा क्या कहलाती है?

(इ) 'अ' एवं 'स' क्रिया कलाप में यदि भिन्नता हो तो इसका क्या कारण है?

//अथवा//

यदि प्रथम माध्यम में प्रकाश की चाल V_1 एवं दूसरे माध्यम में प्रकाश की चाल V_2 है तो–

(अ) दोनों माध्यम में प्रकाश की चाल के अनुपात को क्या कहते है?

(ब) इसे कैसे प्रदर्शित करते है?

(स) सापेक्षिक अपवर्तनांक एवं दोनों माध्यम के आपेक्षिक अपवर्तनांक में क्या संबंध है?

(द) क्या अपवर्तनांक आपतन कोण पर निर्भर करता है?

(इ) यदि जल का अपवर्तनांक 1.33 तथा कॉच का अपवर्तनांक 1.5 हो तो जल के सापेक्ष कॉच का अपवर्तनांक कितना होगा?

प्रश्न क्र0–17 से 18 में प्रत्येक में 6 अंक निर्धारित है।

प्रश्नः–17. (1) आयरन एवं कैल्शियम के दो–दो अयस्कों के नाम एवं रासायनिक सूत्र लिखिए।

4,2 अंक

(2) N_a, K एवं C_a, धातुओं को उनके यौगिकों से विद्युत अपघटन द्वारा प्राप्त किया जाता है। क्यों?

//अथवा//

(1). निम्न समीकरणों को पूर्ण कर संतुलित करिए।

(i) $N_{a(s)} + H_2 0(l) \rightarrow ....+H_2\uparrow$

(ii) $M_{g(s)} + H_2 0(l) \rightarrow ....+H_2\uparrow$

(iii) $Al_{(s)} + H_2 0(g) \rightarrow ....+H_2\uparrow$

(iv) $F_{e(s)} + H_2 0(g) \rightarrow ....+H_2\uparrow$

(2). इन तत्वों को सक्रियता के घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए एवं इनके इस क्रम का कारण लिखिए।

प्रश्नः–18. **(अ)** प्रारूपिक पुष्प के लम्बवत काट का चित्र बनाकर केवल निम्न को नामांकित कीजिए — 4,2 अंक



1. अण्डाशय
2. पुकेसर
3. वर्तिका
4. दल

(ब) स्वपरागण एवं परपरागण में कोई दो अन्तर लिखिए

/ /अथवा/ /

(अ) हृदय की आन्तरिक काट का चित्र बनाकर केवल निम्न को नामांकित कीजिए–

1. महाधमनी 2. दाया आलिंद 3. बायां निलय 4. फुफ्फुस शिरायें

(ब) धमनी एवं शिरा में दो मुख्य अन्तर लिखिए।

प्रादर्श प्रश्न पत्र –I

कक्षा – दसवी विषय – सामाजिक विज्ञान

समय – 03 घण्टे **विषय कोड – 300** **पूर्णांक – 75**

प्रश्न 1. खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए :–

(i) कथन : वन नवीकरणीय संसाधन है।

कारण : जितना वन काटा जाय उतना स्वतः उग जाता है।

(अ) केवल कथन सही है। (ब) केवल कारण सही है

(स) कथन और कारण दोनों सही है (द) कथन और कारण दोनों गलत है

(ii) देश के विकास का सूचक है –

(अ) जीवन प्रत्याशा (ब) सार्वजनिक हित

(स) राष्ट्रीय आय (द) उपभोग व्यय

(iii) रूस की संसद का नाम है –

(अ) लोकसभा (ब) सीनेट

(स) डूमा (द) जार

(iv) द्वितीय विश्व युद्ध हुआ था –

(अ) फासीवाद के अंत के कारण (ब) जर्मनी की महत्वकांक्षा के कारण

(स) दलीय व्यवस्था के कारण (द) परमाणु बम के कारण

(v) उपनिवेशों की समाप्ति के लिए आवश्यक है –

(अ) राष्ट्रवादी भावना (ब) दुर्बलता

(स) सबलता (द) निरंकुशता

खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

I. नियम गिरी में .... अयस्क का भण्डार है।
II. मुद्रा का निर्गमन .... बैंक द्वारा होता है।
III. हमारे भोजन का अधिकांश भाग .... भूमि से प्राप्त होता है?
IV. यहूदियों के लिए 1948 में .... देश की स्थापना हुई।
V. इंडोनेशिया के राष्ट्रवादी और प्रथम राष्ट्रपति .... थे।

प्रश्न 1. खण्ड (स) सही जोड़ी बनाइये :–

1. बिक्री कर	– निजी आय पर कर
2. भविष्य की ऊर्जा	– दुष्प्रचार
3. मीडिया से हानि	– लोकतंत्र
4. आयकर	– सौर ऊर्जा
5. सार्वभौमिक मताधिकार	– उत्पादन पर कर

(अतिलघुउत्तरीय प्रश्न 2 से 6 तक प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर दो अंक आबंटित है।)

प्रश्न 02 – जीवन प्रत्याशा से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 03 – मुद्रा के लिए मापन का आधार होना क्यों जरूरी है?

प्रश्न 04 – संयुक्त राज्य अमेरिका प्रथम विश्व युद्ध में क्यों शामिल हुआ?

प्रश्न 05 – गरीबी दूर करने के लिए सरकार क्या कर सकती है, **दो** सुझाव दीजिये?

प्रश्न 06 – नाइजीरिया देश का जन्म कैसे हुआ?

(प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आबंटित है।)

प्रश्न 07 –

लिंगानुपात के आरेख को देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

आरेख 5.1 भारत में लिंग अनुपात



(i) 1901 में लिंगानुपात कितना था?

(ii) सबसे कम लिंगानुपात किस वर्ष था।

(iii) 1901 की तुलना में 2011 में क्या परिवर्तन आया?

प्रश्न 08 – आपके गांव में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की क्या व्यवस्था है?

प्रश्न 09 – रेखीय प्रतिरूप का नामांकित चित्र बनाइये?

प्रश्न 10 – सामाजिक आंदोलनों के प्रभाव की समीक्षा कीजिए?

(निर्देश – प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 04 अंक आबंटित है।)

प्रश्न 11 – दिये गये आरेख के आधार पर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

भूमि उपयोग



भूमि उपयोग भारत 1950–51

भूमि उपयोग भारत 2010–11

आरेख : 2.1 भारत में भूमि उपयोग

1. अकृषि भूमि 2010–11 में बढ़कर कितने प्रतिशत हो गई?
2. वन भूमि का विस्तार 1950–51 की तुलना में 2010–11 में कितना प्रतिशत बढ़ा?
3. 2010–11 में किस भूमि का उपयोग अधिक है?
4. बंजर भूमि 2010–11 में घटकर कितना प्रतिशत रह गई?

अथवा

दिये गये संसाधनों के उदाहरण चुनियें –

संसाधन	उदाहरण
1. जैविक	
2. अजैविक	
3. नवीकरणीय	
4. अनवीकरणीय	

(कोयला, सौर ऊर्जा, लौह अयस्क, मैंगनीज, मछली, जल विद्युत, भूमि, वायु)

प्रश्न 12 – राष्ट्र संघ की स्थापना क्यों की गई? कोई तीन कारण लिखिए। 1+3 अंक

अथवा

प्रथम विश्व युद्ध का तात्कालिक कारण क्या था? इस युद्ध का जनसामान्य पर क्या प्रभाव पड़ा? (कोई तीन प्रभाव)

प्रश्न 13 – किस तरह के उद्योग कच्चा माल के स्त्रोतों के पास लगाए जाते है? और किस तरह के उद्योग बाजार के पास लगाये जाते है? तर्क दीजिए। 2+2 अंक

अथवा

उद्योग स्थापित करने में बैंक की अहम् भूमिका है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 14 – भाषा आधारित प्रदेश गठन होने से क्या–क्या सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है। कोई चार तर्कसंगत उत्तर दीजिए। 04 अंक

अथवा

स्वतंत्रता के बाद पहला आम चुनाव कराने के लिए सरकार को बहुत परिश्रम करना पड़ा कारण सहित समीक्षा कीजिए। (कोई चार)

(प्रश्न क्रमांक 15 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक आबंटित है।)

प्रश्न 15 – (अ) आधुनिक खेती के क्या–क्या दुष्परिणाम दिखाई दे रहे है? कोई दो कारण लिखिए। 02 अंक

(ब) रूस की क्रांतिकारी सरकार के प्रमुख कदम क्या–क्या थे? तीन कारण लिखिए। 03 अंक

अथवा

(अ) फसल चक्र या शस्यावर्तन किसे कहते है?

(ब) गुलामों और अर्धदासों की स्थिति का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 16 – (अ) इग्लू से क्या तात्पर्य है। 1+4 अंक

(ब) वैश्वीकरण की दिशा में भारत सरकार ने 1991 में क्या प्रमुख बदलाव किये? (कोई चार)

अथवा

(अ) पचास से दस लाख की जनसंख्या वाले बसाहट को क्या कहते है?

(ब) भारत में वैश्वीकरण के क्या दुष्परिणाम हुए? (कोई चार)

(प्रश्न क्रमांक 17 व 18 में 06 अंक आबंटित है।)

प्रश्न 17 – (अ) संसद के पास ही सम्प्रभूता क्यों है? 3+3 अंक

(ब) भारतीय संसद के प्रमुख कार्यो का वर्णन कीजिए? (कोई तीन)

अथवा

(अ) राष्ट्रपति के विधायी / कार्यपालिका शक्तियों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए?

(ब) संविधान निर्माण में लोगों की भागीदारी को बढ़ानें के लिए क्या कदम उठाए गये थे? (कोई तीन)

प्रश्न 18 – (अ) मतदाता किन–किन कारणों से मतदान करने नहीं जाते है? कोई दो कारणों को लिखिए। 2+4 अंक

(ब) आधुनिक मॉस मीडिया में विज्ञापनों की क्या भूमिका है? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

(अ) जातिवाद मतदान को प्रभावित करता है? इसके संबंध में अपने विचार व्यक्त कीजिए। (कोई चार बिन्दु पर)

(ब) मोबाईल फोन का लोकतांत्रिक आंदोलनों में क्या भूमिका है? स्पष्ट कीजिए।

प्रादर्श प्रश्न पत्र –II

कक्षा – दसवीं विषय सामाजिक विज्ञान

समय – 03 घण्टे **विषय कोड – 300** **पूर्णांक – 75**

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए :– 1×5 = 5

(i) अनवीकरणीय संसाधन हैं :–

(अ) कोयला (ब) सौर ऊर्जा (स) पवन ऊर्जा (द) जल

(ii) भारत एक .... देश है :–

(अ) पिछड़ा (ब) विकसित (स) विकासशील (द) अविकसित

(iii) रूसी क्रांति की शुरूआत हुई :–

(अ) वर्ष 1915 में (ब) वर्ष 1916 में (स) वर्ष 1917 (द) वर्ष 1918 में

(iv) ईटली के फासीवादी तानाशाह का नाम था :–

(अ) हिटलर (ब) मुसोलिनी (स) स्टालिन (द) रूजवेल्ट

(v) रोनाल्ड रीगन राष्ट्रपति थे :–

(अ) अमेरिका के (ब) रूस के (स) इण्डोनेशिया के (द) वियतनाम के

(ब) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :– 1×5 = 5

(i) लेबर पार्टी .... देश से संबंधित है।

(ii) दो हजार रूपये की पत्र मुद्रा पर .... के हस्ताक्षर होते है।

(iii) भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल .... वर्ग किमी है।

(iv) जर्मनी, इटली और .... मिलकर धुरी देश कहलाए।

(v) यहुदियों के लिए सन् 1948 में .... देश की स्थापना हुई।

(स) सही जोड़ी बनाइए :– 1×5 = 5

(अ)	**(ब)**
(1) प्राकृतिक संसाधन	– सन् 2013 में प्रारंभ
(2) GST	– सार्वजनिक वितरण प्रणाली
(3) नोटा बटन	– वायु, जल, वन
(4) PDS	– चुनाव आयोग
(5) दलों का पंजीकरण	– वस्तु एवं सेवा कर

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक के प्रश्न अतिलघुउत्तरीय है, प्रत्येक पर दो अंक आवंटित है।

प्रश्न 2. विकास को मापने के प्रमुख संकेतक कौन –कौन से हैं? (कोई दो)

प्रश्न 3. वस्तु विनिमय प्रणाली से होने वाली दो समस्याओं को लिखिए।

प्रश्न 4. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के स्थाई सदस्य वाले कोई चार देशों के नाम लिखिए।

प्रश्न 5. प्रत्यक्ष कर, अप्रत्यक्ष कर से भिन्न है इस भिन्नता के कोई दो कारण लिखिए।

प्रश्न 6. इंडोनेशिया की स्वतंत्रता में जापान की क्या भूमिका थी ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघुउत्तरीयप्रश्न है। प्रत्येक पर 3 अंक आवंटित है।

प्रश्न 7. दिये गये स्तम्भ आरेख को देखकर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

आरेख 5.4



स्तंभालेख प्रति व्यक्ति ऊर्जा उपयोग (किलो खनिज तेल में)

स्रोत: "Energy Use Per Capita", World Development Indicators, World Bank

(i) बांग्लादेश में प्रतिव्यक्ति ऊर्जा खपत क्या है?

(ii) सबसे अधिक ऊर्जा की खपत किस देश में है?

(iii) भारत में प्रति व्यक्ति ऊर्जा उपयोग कितना है?

प्रश्न 8. खाद्य सुरक्षा के प्रमुख आयाम (सोपान) क्या–क्या है? लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 9. शांति आंदोलन के उद्देश्य लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 10. वृत्ताकार प्रतिरूप का नामांकित चित्र बनाइये।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक पर 4 अंक आवंटित है।

प्रश्न 11. (अ) आपके आस–पास के दो प्राकृतिक संसाधनों के नाम लिखकर प्रत्येक के एक उपयोग बताइए। 2,2 अंक

(ब) अपने गांव में भूमि प्रबंधन के क्या – क्या तरीके अपनाये जा सकते है? (कोई दो)

अथवा

(अ) धातु के अलावा और क्या चीजें है जिनका पुनर्चक्रण किया जा सकता है?(कोई दो)

(ब) गरीबी दूर करने में भूमि संवर्धन किस हद तक कारगार हो सकता है? (कोई दो)

प्रश्न 12. प्रथम विश्व युद्ध में कौन–कौन सी नई तकनीकें उपयोग में लाई गयी? किन्ही चार बिन्दु पर वर्णन कीजिए। **4 अंक**

अथवा

औद्योगिकीकरण और विश्वयुद्ध में क्या संबंध था?

प्रश्न 13. उद्योगों की स्थापना को प्रभावित करने वाले किन्ही चार को कारकों को समझाइए।

4 अंक

अथवा

पिछले पचास वर्षो में उद्योग विकसित देशों से विकासशील देशों में पलायन कर गया। इसके कोई चार कारणों को समझाये।

प्रश्न 14. पंडित जवाहर लाल नेहरू के पंचशील सिद्धांत के किन्ही चार सिद्धांतों को समझाइये। **4 अंक**

अथवा

अगर हिन्दू कोड बिल पारित नहीं होता तो भारत में महिलाओं की स्थितियों पर क्या प्रभाव पड़ता। (कोई चार)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 15 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित है।

प्रश्न 15. (अ) भारतीय कृषि मानसून का जुआँ है। क्यों? 2+3 अंक

(ब) रूस में किसानों की दासता कब और किसने सामाप्त किया?

अथवा

(अ) औद्यौगिक व्यवस्था पर किसानों की निर्भरता बढ़ती के क्या कारण है? (कोई दो)

(ब) अमेरिका में आये संकट ने पूरे विश्व को कैसे प्रभावित किया? (कोई तीन प्रभाव)

प्रश्न 16.(अ) स्मार्ट सिटी का क्या अर्थ है ? **1 अंक**

(ब) वैश्वीकरण ने पर्यावरण को किस प्रकार प्रभावित किया है। किन्ही चार बिन्दुओं को समझाइए **4 अंक**

अथवा

(अ) पूरा योजना में छत्तीसगढ़ का कौन सा गाँव शामिल है?

(ब) अन्तर्देशीय उत्पादन का बाजार पर क्या प्रभाव पड़ा है। (कोई चार)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 17 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आवंटित है।

प्रश्न 17. (अ) संविधान की आवश्यकता क्यों है ? 3+3 अंक

(ब) न्यायपालिका की स्वतन्त्रता को बनाये रखने के लिए संविधान के विभिन्न प्रावधान कौन –कौन से है? (कोई तीन)

अथवा

(अ) न्याय पालिका की स्वतंत्रता का क्या अर्थ है?

(ब) छत्तीसगढ़ में 40% महिलाएँ निरक्षर है निरक्षरता का उन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? (कोई तीन)

प्रश्न 18. (अ) लोकतन्त्र में जनसहभागिता को समझाइऐं। 2+4 अंक

(ब) संचार माध्यम ने लोगो को किस प्रकार प्रभावित किया है? मोबाईल का उदाहरण देकर समझाइए।

अथवा

(अ) कोई चार संगठन के नाम बताइये जो जन –प्रतिनिधित्व का कार्य करते है।

(ब) किसी घटना के बारे में समाचार जानने के लिए आप किस चैनल को विश्वसनीय मानते है कारण सहित उत्तर दीजिए।